Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to impress upon Government of Chhattisgarh to contribute its share of funds towards Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana (Grameen) in the State-laid.

श्री अरूण साव (बिलासपुर): प्रधानमंत्री आवास योजना सभी के लिए आवास को ध्यान में रखकर, गरीबों के हित में केंद्र सरकार की एक अति महत्वाकांक्षी एवं महत्वपूर्ण योजना है । परंतु दुर्भाग्य से छत्तीसगढ़ राज्य सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को आवास उपलब्ध कराने के प्रति गंभीर नहीं है । तथा राज्य सरकार इस योजना में राज्यांश मिलाने में आनाकानी कर रही है, जिसके कारण राज्य की गरीब जनता को इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है । छत्तीसगढ़ राज्य सरकार ने न तो नए घरों का पंजीयन किया और ना ही घरों को मंजूरी प्रदान की साथ ही राज्यांश भी लंबे समय से लंबित है । छत्तीसगढ़ सरकार इस महत्वपूर्ण जन-कल्याणकारी योजना को गंभीरता से नहीं ले रही है, अतः मैं केंद्र सरकार से आग्रह करता हूं, कि सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के समुचित क्रियान्वयन हेतु छत्तीसगढ़ सरकार पर दबाव बनाए, जिससे छत्तीसगढ़ की गरीब जनता को उनका हक मिल सके ।